बैंक कर्मचारियों ने शिक्षक से की लाखों की ठगी

निजी बैंक से जुड़ा है मामला, दोनों नटवरलाल फरार

शहडोल, देशबन्धु। एक शिक्षक के साथ निजी बैंक के दो कर्मचारियों द्वारा लाखों रुपये की ठगी किए जाने का मामला सामने आया है। सोहागपुर पुलिस ने इस मामले में बैंक के इन दोनों नटवरलालों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। मामले की जानकारी लगते ही दोनों आरोपी बैंक कर्मचारी फरार हो गए हैं।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता गुलाब सिंह हलवाई उम्र 61 वर्ष निवासी सोहागपुर गड़ी ने पुलिस को बताया कि वह शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई स्कूल में पदस्थ है। मेरी पहचान निजी बैंक इंडासेंट में पदस्थ कर्मचारी के साथ रहने वाले वरुण मिश्रा से काफी दिनों से थी, जिसका फायदा उठाते हुए उसने अप्रैल 2023 में मेरे घर आकर मुझे एवं मेरी पत्नी को एफडी कराने के लिए लुभावनी स्कीम बताई। उसके बाद हम लोग उसके झांसे में आ गए और 20 एवं 50 हजार की दो एफडी कराने की सहमति प्रदान कर दी और उसे राशि दे दी। जिसके बाद उक्त बैंक कर्मी वरुण मिश्रा ने हमसे एफडी की राशि के साथ-साथ हमारा आधार कार्ड समेत कई अन्य दस्तावेज तथा अन्य जानकारी ली।

कुछ दिनों बाद फिर वह अपने साथी अमित कुमार गौतम को लेकर मेरे घर आया। दोनों ने फिर से हमें बैंक की लुभावनी स्कीम बताई। इस तरह वह दोनों लगातार हमारे घर आते रहे और हमे झांसा देकर कई सारे कागज लेकर चले जाते थे। कुछ समय बाद जब मैं बैंक गया तो पता चला कि मेरे खाते से अब तक 35 से 40 लाख रुपये निकाले जा चुके हैं। जिसके बाद मुझे इस बात का अहसास हुआ कि उक्त दोनों बैंक कर्मियों द्वारा मुझसे दस्तावेज व जानकारी लेकर मेरे खाते से जालसाजी कर इतने रुपये निकाल लिए हैं।

शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि जब मैं उनसे मिलने इंडासेंट बैंक गया तो पता चला कि दोनों कर्मचारी बैंक नहीं आ रहे हैं। कई बार उनसे सम्पर्क करने का प्रयास किया लेकिन उनका कहीं पता नहीं चला। उसके बाद पीड़ित शिक्षक ने इसकी शिकायत सोहागपुर में दर्ज कराई। पुलिस द्वारा पीड़ित शिक्षक की शिकायत के आधार पर उक्त दोनों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। थाना प्रभारी सोहागपुर भूपेंद्र मणि पाण्डेय ने बताया कि मामले पर जांच की जा रही है।

तेंदुआ ने युवक पर किया हमला, लोग बचाने दौड़े तो गांव के घर में घुसा और युवती को भी किया घायल

उमरिया,देशबन्धु। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के जंगल से लगे ग्राम पंचायत हिरौली के ग्राम कुदरी में शुक्रवार को पहले तो तेंदुए ने एक युवक को घायल कर दिया। जब लोग युवक को बचाने दौड़े तो तेंदुआ गांव में घुस गया और एक घर में घुसने के बाद उसने एक अन्य युवती को भी घायल कर दिया।

दोनों घायलों को शहडोल मेडिकल कालेज रेफर किया गया

दोनों घायलों को उपचार के लिए शहडोल मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया है। घायलों में लवकेश बैगा पिता कतकू बैगा और मोनिका सिंह पिता उदयभान सिंह शामिल हैं।

घटना में लवकेश बैगा को ज्यादा चोट आई है जबकि मोनिका की हालत कुछ ठीक बताई जा रही है। घटना के बाद से गांव में लोग नाराजगी व्यक्त कर रहे हैं।

कुदरी में गांव के बाहर नाले के पास तेंदुआ आकर छिपा हुआ था

पहले युवक पर हमलाघटना के बारे में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत हिरौली स्थित ग्राम कुदरी में गांव के बाहर नाले के पास तेंदुआ आकर छिपा हुआ था।

नाले की तरफ किसी काम से लवकेश गया था

इसी नाले की तरफ किसी काम से लवकेश पिता कतकू बैगा जब पहुंचा तो तेंदआ अचानक से सामने आ गया और उसने लवकेश पर हमला कर दिया। तेंदुए के हमले की वजह से युवक बुरी तरह घायल हो गया हो गया।

लवकेश ने वहीं से चीख-पुकार मचाना शुरू कर दिया

यह देखकर गांव के लोग उसे बचाने के लिए लाठी-डंडा लेकर दौड़ पड़े। गांव में घुसा तेंदुआ लोगों को अपनी तरफ दौड़ता देख तेंदुआ भयभीत हो गया और वह गांव की दिशा में दौड़ पड़ा। भागता हुआ तेंदुआ पास में ही मौजूद उदयभान सिंह के घर में घुस गया।

सामने देखकर तेंदुए ने मानिका पर हमला कर दिया

तेंदुआ घर में घुसा उस समय उसका सामना खाना बना रही मोनिका पिता उदय भान सिंह से हो गया। उसे सामने देखकर तेंदुए ने मानिका पर हमला कर दिया और दूसरी तरफ से बाहर निकल गया।

तत्काल मानपुर सामुदायिक स्वस्थ केंद्र भिजवाया गया

घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग सहित मानपुर थाना प्रभारी घटना स्थल पहुंच गए और घायलों को समुचित इलाज के लिए तत्काल मानपुर सामुदायिक स्वस्थ केंद्र भिजवाया गया, जहां डाक्टरों ने घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हों शहडोल के लिए रेफर कर दिया गया।

सार-समाचार

अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में शामिल होंगी सांसद हिमाद्री सिंह

शहडोल, देशबन्धु। नार्वे में 17 से 22 नवंबर तक होनें जा रहे 6 दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस में शहडोल लोकसभा क्षेत्र की सांसद हिमाद्री सिंह भी शामिल होंगी। शहडोल संसदीय क्षेत्र की लोकप्रिय सांसद हिमाद्री सिंह इस अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में शामिल होनें के लिए 16 नवंबर को दिल्ली से नार्वे के लिये प्रस्थान करेंगी।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार नार्वे के ओस्लो में आयोजित अंतरराष?ट्रीय कॉन्फ्रेंस में सर्कुलर इकॉनमी, जलवायु परिवर्तन, लैंगिक समानता और महिलाओं से संबंधित विषयों पर चर्चा करने के लिए सांसद हिमाद्री सिंह को आमंत्रित किया गया है। जहां पर वह महिलाओं से संबंधित मामलों को प्रमुखता से रखेंगी। यहां यह भी गौरतलब है कि नार्वे के ओस्लो में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस में भारत सरकार की ओर से 6 सदस्यीय प्रतिनिधिमण्डल नार्वे जाएगा जिसमें सांसद हिमाद्री सिंह भी हैं।

रेप केस में फंसाने के नाम पर डराया, दो आरोपी गिरफ्तार, एक महिला फरार

उमरिया, देशबन्धु। उमरिया जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के रोहनिया गांव में पुलिस अधिकारी बनकर झूठे केस में फंसाने के नाम पर 50 हजार लेने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं एक आरोपी फरार है।

कलेक्टर ने ककरहटी पहुंचकर किया निरीक्षण

पन्ना,देशबन्धु। कलेक्टर सुरेश कुमार ने शनिवार को ककरहटी क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान संबंधित अधिकारियों के साथ क्षेत्र में संचालित विकास कार्यों तथा विभागीय गतिविधियों के संबंध में जानकारी प्राप्त कर आवश्यक निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने नगर परिषद ककरहटी क्षेत्र अंतर्गत सकरिया-डिघौरा निर्माणाधीन सड़क के बारे में जानकारी ली। लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री जे.पी. सोनकर एवं अनुविभागीय अधिकारी अजय मिश्रा से सड़क निर्माण की प्रगति और गुणवत्ता के बारे में पूछा। इस दौरान स्थानीय निवासियों से भी नगर क्षेत्र में सड़क की चौड़ाई और अवैध अतिक्रमण हटाने के संबंध में चर्चा की।

कलेक्टर श्री कुमार ने सहायक आपूर्ति अधिकारी को शेष पात्र हितग्राहियों को अविलंब खाद्यान्न वितरण सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने ककरहटी के शासकीय कन्या हाईस्कूल में शैक्षणिक गुणवत्ता के तहत संचालित ऑनलाइन क्लासेस का अवलोकन कर छात्राओं से संवाद भी किया। भ्रमण के दौरान नायब तहसीलदार कोमल सिंह एवं सीएमओ ओम त्रयम्बकेश्वर मिश्रा भी उपस्थित रहे।

महाविद्यालय भवन निर्माण में गुणवत्ता की अनदेखी

पन्ना,देशबन्धु। जिला मुख्यालय स्थित बाईपास रोड़ पर कन्या महाविद्यालय भवन का निर्माण कार्य विगत दो वर्ष से चल रहा है। उक्त कार्य में देखरेख करने वाली एजेन्सी वीडीसी भोपाल को जिम्मेवारी दी गई थीं तथा ठेकेदार भी भोपाल की शर्मा कन्ट्रक्शन कंपनी है। भारी भरकम राशि होने के बावजूद ठेकेदारो द्वारा मनमाने ढंग से निर्माण कार्य कराये जा रहे है। घटिया मटेरियल का उपयोग लगातार किया जा रहा है। रेत की जगह डस्ट का उपयोग हो रहा है तथा सीमेंट ईट के स्थान पर लाल ईट उपयोग में लाई जा रहीं है। निरीक्षण एजेन्सी द्वारा संबंधित निर्माण कार्य का कभी भी निरीक्षण नहीं किया जाता। क्योकि जिस एजेन्सी को सुपरवीजन के लिए नियुक्त किया गया है उसका कार्यालय भोपाल में स्थित है। जबकी जो भी निर्माण कार्य पन्ना जिलें मे हो रहें है, उसका सुपरवीजन कार्य पन्ना के शासकीय विभागों को दिया जाता तो घटिया निर्माण कार्य में रोक लग सकती थी तथा समय पर स्थानीय एजेन्सीयों द्वारा निर्माण में उपयोग होने वाली सामग्री की भी देखरेख कर सकते थें। लेकिन यह दुर्भाग्य है कि पन्ना के निर्माण कार्यो का सुपरवीजन एवं कन्ट्रक्शन कार्य भोपाल के लोगो द्वारा किया जा रहा है।

राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता में गुजरस का चयन

शहडोल, देशबन्धु। शहडोल जिले के लिए शतरंज में एक गौरव की बात यह है, कि यहां के एक युवा खिलाड़ी का चयन मध्य प्रदेश की टीम के लिए हुआ है। सहायक संचालक खेल हाजी रईस अहमद ने एक जानकारी में बताया है कि सेवन ओसियन पब्लिक स्कूल अमलाई जिला शहडोल के शतरंज खिलाड़ीगुजरस सिंह बग्गा का चयन शहडोल संभाग से पहली बार राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता के लिए किया गया है।

गुजरस सिंह बग्गा 17 से 21 नवंबर तक नर्मदा पुरम में आयोजित 17 वर्ष आयु वर्ग बालक शालेय राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता मैं मध्य प्रदेश की टीम की ओर से शिरकत करेंगे। प्रतियोगिता का प्रीनेशनल कोचिंग कैंप 10 से 14 नवंबर तक नर्मदापुरम में ही आयोजित होगा। उन्होंने यह भी बताया कि गुजरस सिंह ओपन अंतरराष्ट्रीय स्तर के रैंकिंग प्राप्त खिलाड़ी हैं तथा उनके पिता रिशु सिंह बग्गा और दादाजी अमरजीत सिंह बग्गा भी शतरंज के अच्छे खिलाड़ी हैं। चयनित खिलाड़ी गुजरस सिंह को सहदेव सिंह मेरावी, संयुक्त संचालक लोक शिक्षण शिक्षा शहडोल संभाग, उमेश कुमार धुर्वे उप संचालक लोक शिक्षण शिक्षा शहडोल संभाग, डॉ एम एल पाठक जिला शिक्षा अधिकारी शहडोल, रईस अहमद संचालक खेल, स्कूल के प्राचार्य एवं समस्त स्टॉफ ने हार्दिक बधाई दी है।

राष्ट्रीय बाणभट्ट महोत्सव का भव्य शुभारंभ

मान्या पाण्डेय ने देश भर में दिखाई बघेली गीतों को पहचान

मझौली,देशबन्धु। राष्ट्रीय बाणभट्ट महोत्सव परसिली का सीधी सांसद डां. राजेश मिश्रा के द्वारा भव्य शुभारंभ किया गया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह, जिला पंचायत सदस्य सुमन कोल, पुष्पेन्द्र सिंह आजीविका मिशन, श्रीनिवास द्विवेदी सीईओ मझौली, राजेन्द्र द्विवेदी प्रबंधन परसिली रिसोर्ट, दशरथ सिंह सिंह तहसीलदार उपस्थित रहे। महोत्सव का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया।

मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड भोपाल, जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद, मध्य प्रदेश पर्यटन विकास निगम के सहयोग से उत्थान सामाजिक सांस्कृतिक एवं साहित्यिक समिति के द्वारा आयोजित राष्ट्रीय बाणभट्ट महोत्सव परसिली के प्रथम दिवस पर राष्ट्रीय लोक गायिका मान्या पाण्डेय के बघेली लोकगीत, संस्कार गीत एवं सामाजिक गीतों को सुनकर श्रोता ओतप्रोत हो गये। देश की प्रसिद्ध लोक गायिका स्व. शारदा सिन्हा को श्रद्धांजलि देते हुए मान्या पाण्डेय ने भोजपुरी लोकगीत भी प्रस्तुत की तो वहीं असम की लोक गायिका खेमचंद्र कोमा छत्तीसगढ़, शिवांजन भट्टाचार्य पश्चिम बंगाल, कपिल तिवारी, अपर्णा मिश्रा, दिव्या द्विवेदी,मानसी तिवारी के द्वारा मनमोहन प्रस्तुती दी गई।

इस दौरान सीधी सांसद डां राजेश मिश्रा ने कहा कि हमारी बेटी राष्ट्रीय लोक गायिका मान्या पाण्डेय हमारे बघेली लोकगीतों का देश भर में विस्तार कर रही है और जिले का नाम रोशन कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारे देश की लोक संस्कृति एवं लोक संगीत आत्मा की आवाज होती है। हमारे लोकगीत चाहे जिस प्रदेश के हो, दिल को छू लेते हैं। लोक गीत के बोल भले ही समझ ना आये किन्तु उनके भाव आत्मा तक जरूर पहुंचते हैं। आज जो पश्चिमी संस्कृति का उदय हो रहा है। उससे पांव जरूर थिरकते पर मन स्थिर रहता है किन्तु लोक संगीत सुन कर हर व्यक्ति का तन और मन दोनों गदगद हो जाते हैं। इस अवसर पर सांसद एवं अध्यक्ष जिला पंचायत ने लोक कलाकारों एवं समाज सेवियों को सम्मानित किये और इस दौरान राष्ट्रीय बाणभट्ट महोत्सव परसिली 2024 की स्मारिका का भी विमोचन किया गया।

अवैध रेत से भरा वाहन और डग्गी पकड़ाई

शहडोल, देशबन्धु। वन विभाग में बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रेत से भरे एक ट्रैक्टर और एक डग्गी को पकड़ा है

वन संरक्षक वन वृत्त शहडोल के निर्देशन पर वन मण्डलाधिकारी दक्षिण शहडोल सुश्री श्रद्धा पन्द्रे एवं उप वन मण्डलाधिकारी सोहागुपर बादशाह रावत के मार्गदर्शन में गत दिवस वन परिक्षेत्र शहडोल एवं उ?नदस्ता दल के स्टाफ द्वारा वन परिक्षेत्र शहडोल के वन क्षेत्रों की गश्ती के दौरान 01 वाहन डग्गी दिखाई दिया। वाहन को रोकवाकर पूछताछ किया गया जिसमें वाहन चालक के द्वारा अपना नाम महेन्द्र कुमार गुप्ता उर्फ गुड्डू पिता केदारनाथ गुप्ता ग्राम निपनियॉ बताया गया। वाहन का निरीक्षण करने पर वाहन में रेत लोड पायी गई जिसका माप करने पर कुल 4.321 घ0मी0 रेत लोड पायी गई। वाहन चालक के द्वारा रेत के परिवहन के संबंध में किसी भी प्रकार के कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नही किये गये। वाहन को जप्त कर वन नरसरहा डिपो शहडोल में ख?ा कराया गया।

उक्त कार्यवाही में वन परिक्षेत्राधिकारी शहडोल रामनरेश विश्वकर्मा, परिक्षेत्र सहायक ब?खेरा श्रीप्रकाश शुक्ला उवक्षे उ?नदस्ता दल प्रभारी बैसाखू कोल उवक्षे भारत सिंह उईके कार्य0वनपाल, राहुल शर्मा वनरक्षक बीटगार्ड नरवार, शिवप्रसाद मरकाम वनरक्षक बीटगार्ड पटासी राजेन्द्र तिवारी, वनरक्षक बीटगार्ड निपनियॉ एवं अन्य की महत्वपूर्ण एवं सराहनीय भूमिका रही है।

इसी प्रकार वन मण्डलाधिकारी दक्षिण शहडोल के रात्रि कालीन गश्ती के दौरान वन मण्डल उत्तर शहडोल के वन परिक्षेत्र जयसिंहनगर सर्किल करकी अंतर्गत बीट सेमरा में एक वाहन ट्रेक्टर महिन्द्रा को रेत का परिवहन करते पक?ा गया। वाहन चालक के द्वारा रेत के परिवहन से संबंधित किसी भी प्रकार के कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नही किये गये। वाहन को जप्त कर परिक्षेत्र सहायक करकी के सुपुर्द किया गया। उक्त वाहन की जप्ती कार्यवाही में वनमण्डलाधिकारी दक्षिण/उत्तर शहडोल सुश्री श्रद्धा पन्द्रे, परिक्षेत्र सहायक ब?खेरा श्रीप्रकाश शुक्ला उवक्षे, संदीप सिंह चौहान वनरक्षक बीटगार्ड खेतौली, सुरेश बैगा वनरक्षक बीटगार्ड जमुई एवं वाहन चालक इजहार खान की महत्वपूर्ण एवं सराहनीय भूमिका रही।

राजराजेश्वर भगवान सहस्त्रबाहु जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया

बालाघाट, देशबन्धु। हैहयवंशीय क्षत्रिय ताम्रकार, कसेरा, कसार समाज ने राजराजेश्व र भगवान सहस्त्रबाहु की जन्म् जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। इस समारोह शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हैहयवंश के वरिष्ठ् एवं स्वगतंत्रता सेनानी श्री हीरालाल ताम्रकार ने दीप प्रज्ज्वलित कर भगवान सहस्त्रवबाहु का माल्यातर्पण करके किया। जन्मोत्स्व में समाज सभी परिवारों ने भाग लिया, जिसमें पत्रकार श्री आनंद ताम्रकार, निर्मल कसार, श्री खिलोधर प्रसाद, राकेश वर्मा 'ताम्रकार', सोनु कसार श्रीमति अमिता ताम्रकार, श्रीमति कसार, शुभांगी कसार, रूद्रांश ताम्रकार, मनु ताम्रकार एवं समाज के अन्यश सदस्यस शामिल हुये। प्रसादी वितरण के पश्चारत् सामजिक चर्चा में सभी में समाज को संगठित रहने के लिए सहमति जताई एवं आगामी दिनों में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं व समाज के वरिष्ठव सदस्यों का सम्मांन, युवाओं को रोजगार मार्गदर्शन, स्वास्य्तर शिविर आदि के आयोजन करने व्यंवस्थाम बनाने हेतु रूपरेखा तैयार की गई।

भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा आयोजित

आइडियल पब्लिक स्कूल चंदोरी बना कौमी एकता का केन्द्र

वारासिवनी, देशबन्धु। आईडियल पब्लिक स्कूल चंदोरी ने एक बार फिर कौमी एकता का परिचय देते हुए शांतिकुज हरिद्वार द्वारा आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा मे सहयोग प्रदान किया। विद्यालय परिसर मे विधालय के ही लगभग 200 विद्यार्थीयों ने इस परिक्षा मे भाग लेकर भारतीय संस्कारों को करिब से जानने का कार्य किया।

दूसरी ओर विद्यालय के कक्षा चौथी के 38 विद्यार्थियों ने मेरे जिले को जानो प्रतियोगिता के माध्यम से जानकारी से अवगत होने का कार्य भी किया। जिसमें बालाघाट जिले के ऐतिहासिक धरोहरों एवं संस्कृति पर आधारित प्रश्नोत्तरी में भाग लेकर जिले के बारे में जानने का कार्य किया। जिसमे सर्वश्रेष्ठ पुरूस्कार विजेता कक्षा चौथी की आराध्या अटराहे रही। साथ ही क्षेत्रीय संस्कृति को प्रदर्शित करते हुए कक्षा नर्सरी से यू.के.जी. तक के सम्पूर्ण विद्यार्थियों ने मण्डई का आयोजन भी किया। जिसमें छोटे-छोटे बच्चों ने अपनी दुकाने लगायी। किसी ने सब्जी की, गुब्बारे की, फ्लों की, झूले तथा गोवारी नृत्य भी प्रस्तुत किया। क्षेत्रीय मण्डई में गुपचुप की दुकान चर्चा का विषय भी रही। दूसरी ओर विद्यालय में कक्षा नर्सरी से बारहवी तक के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न खेलों की श्रंखला भी प्रारंभ हो चुकी है। जिसके प्रथम चरण में कक्षा पहली से पॉचवी तक के विद्यार्थियों ने आज 50 मीटर रेस, फ्लग रेस, रिंग थ्रो, थ्री लेग एड रेस, 100 मीटर रेस और 200 मीटर रेस, वार्षिक खेल की चयन प्रक्रिया में भाग लिया ।

संस्कार भारती द्वारा आयोजित पुरूस्कार वितरण कार्यक्रम में विद्यालय की मातृत्वी वीरनवार, अक्षिता जैन एवं कनिष्का ठाकुर ने अपनी नृत्य की प्रस्तुती से सभी का मन मोह लिया ।

विद्यालय के संचालक अब्दुल रब कुरैशी ने चर्चा के दौरान बताया कि इस वर्ष विद्यालय से राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में वंश बिसेन पूर्वाश लिल्हारे तथा संभाग स्तर बैडमिंटन प्रतियोगिता में अफीफ कुरैशी व जूडो में राजदीप गायकवाड, ओम टेंभरे, ऐश्वर्या टेंम्भरे मयूर टेकाम, प्रत्युष पानेकर, कनिष्का इडपाचे, महक मेश्राम, एंजल उके, आकृती पटले, रिफत खान, जीत पंचेश्वर तन्मय डोंगरे, समर्थ दुबे एवं चेस प्रतियोगिता में गौरव बघेले ने कडी टक्कर देकर विद्यालय का नाम रोशन किया । विद्यार्थियों की सफलता के लिए सभी शिक्षकगणो का मार्गदर्शन सराहनीय रहा। साथ ही उनके अथक प्रयासों से ही सफलता संभव रही। विद्या के इस मंदिर में गुरू ही महत्वपूर्ण भूमिका में होता है विद्यार्थी की सफलता ही उसका परिणाम होता है।

ट्रांसपोर्टर के खिलाफ छत्तीसगढ़ में मामला दर्ज

ब्यौहारी,देशबन्धु। नगर परिषद के अंतर्गत एक बड़े सरिया के व्यापारी के छत्तीसगढ़ पुलिस पहुंची तो पूरे नगर का माहौल गर्म हो गया पूरे क्षेत्र में यह चर्चा थी कि किसके यहां छापा पड़ा लेकिन मामला कुछ और ही निकला जिसमें सुखा रोड में रहने वाले बंटूल गुप्ता द्वारा छत्तीसगढ़ से बिना जीएसटी के सरिया लाकर व्यवहारी की व्यापारियों को सप्लाई किया जाता था यह काम काफी दिनों से चल रहा था लेकिन एक सप्ताह पूर्व रायगढ़ से लाया गया लोहा जो कि झारखंड जाना था उस लोहा विवेकानंद उर्फ बंटुल गुप्ता और। उसका ड्राइवर था उसके द्वारा 1 ट्रक सरिया को ब्यौहारी एक व्यापारी टंकी तिराहा के पास स्थित दुकान में उतार दिया गया जब माल झारखंड नहीं पहुंचा तो व्यापारी ने खोज खबर ली तो प्लांट

संचालक द्वारा रायगढ़ के थाने में एक एफ आई आर भी दर्ज कराई जिसमें बंटूल गुप्ता के खिलाफ 420 का मामला पंजीबद्ध कर लिया गया उसके बाद छत्तीसगढ़ पुलिस ने आकर के व्यापारी के गोदाम से लोहा जप्त कर लिया इस घटना की सूचना मिलने के बाद सैकड़ो व्यापारी दबाव बनाने के उद्देश्य से थाने पहुंचे और कार्रवाई न करने का दबाव बनाने लगे उसके बाद चोरी का माल जप्त किया गया देर शाम तक यह कार्रवाई चलती रही छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा यह बताया गया कि हमने जानकारी ब्यौहारी- पुलिस को दे दी है वही अधिकृत रूप से जानकारी देंगे वही दूसरे दिन भी सरिया ट्रकों में लोड हो रहा था वहीं सूत्रों से पता चला है कि 2 करोड रुपए का चोरी का माल व्यापारी द्वारा खरीदा गया था अब देखना यह है की चोरी का माल खरीदने वाले पर पुलिस क्या कार्रवाई करती है इसमें कौन-कौन से लोग शामिल थे।